# कार्यालय प्राचार्य

## लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा,जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

**महाविद्यालय कोड – 1706**

WebSite-www.lpbggcbemetara.in Email- ggcbemetara@gmail.com

## Annual Gender Sensitization Action Plan

उद्देश्य :– महिला सशक्तिकरण का नेतृत्व करने वाले छात्राओं और कर्मचारियों के बीच लैंगिक समानता समावेशिता, सहिष्णुता, सद्भाव को बढावा देना।

हमारे महाविद्यालय में समस्त सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राओं इत्यादि में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। संस्थान में किसी भी प्रकार के आयोजन में सभी छात्राएं समान रूप से हिस्सा लेते है तथा महाविद्यालय परिसर में सुनियोजित रूप से कार्य की गति को बढाते हैं। लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ0ग0) के विशेष संदर्भ में विविधता समावेशिता, समानता और न्याय के मूल्य है, जो प्रतिभा के पोषण और मानवीय मूल्यों को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदार करता है।

- लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा लैंगिक समानता एवं महिला सशाक्तिकरण के उद्देश्यों की पूर्ती हेतु दृढ संकल्पित है।
- हमारें संस्थान का प्रमूख उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास पर केंन्द्रित है। इसमें लैंगिक समानता वाले राष्ट्र का निर्माण करना शामिल है।
- महिला सशक्तिकरण के तहत आस–पडोस के क्षेत्रों में बेटी–बचाओ बेटी–पढाओ, नारी भ्रूण हत्या, महिलाओं और पुरूषों में समानता का समर्थन करते हुए सकरात्मक बदलाव लाने हेतु समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों,गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।
- हमारा संस्थान रोजगार और समान शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए छात्राओं के प्रति प्रतिबध्द है। भविष्य में शिक्षा के अनेक मूल्यों का अवसर प्रदान करने और रोजगार के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए हमेशा प्रतिबध्द रहेगा तथा इस हेतु रोजगार मार्गदर्शन, सेमिनार, व्याख्यान का आयोजन किया जाना है।
- संस्थान में समय–समय पर छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शिक्षापरक कार्यक्रम जैसे – विशेष दिवस को मनाना, व्याख्यान कार्यक्रम, वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाता है और आगामी समय में इसकी व्यापकता में वृध्दि किया जाना है।
- संस्था मे समानता सुनिश्चित करने और सभी स्तरों पर सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित संरक्षित और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करता है। तथा संस्था में गर्ल्स कॉमन रूम के साथ–साथ सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाया गया, जिसमें छात्राओं को भविष्य में होने वाले अनहोनी की असुरक्षा महसूस नहीं होती।
- छात्राओं को एन.एस.एस.से जुडने क प्रोत्साहित करना एवं नियामिक सामाजिक–सांस्कृतिक गतिविधियों में समान भागीदारी सुनिश्चित करना। सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर महाविद्यालय के निकटवर्ती ग्राम में आयोजित किया जाना है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं के द्वारा ग्रामीण जनों को स्वच्छता के प्रति, शिक्षा, लैंगिक असमानता, स्वास्थ्य और विभिन्न सामाजिक–सांस्कृतिक मुद्दों पर जागरूक करना होगा।

Laxman Prasad Baidh Govt. Girls College Bemetara IQAC

संस्था में लैंगिक समानता, समावेशिता, धार्मिक सहिष्णुता सदभाव को बढावा देना छात्राओं और महिला कर्मचारियों को महिला सशक्तिकरण की ओर जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जाता है। इस संबंध में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एन.एस.एस. तथा अन्य समितियों के माध्यम से आयोजित किये जायेंगे।

- हमारें संस्थान में विश्वविद्यालय आदेश के तहत अनुसूचित–जाति, अनुसूचित–जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के छात्राओं को आरक्षण दिया जाता है तथा आगामी सत्र में भी प्रवेश प्रक्रिया मे आरक्षण जारी रहेगा।

प्राचार्य
लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या
महाविद्यालय बेमेतरा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

प्राचार्य
लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय
कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा

Laxman Prasad Baidh Govt. Girls College, Bemetara
IQAC